सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-495**
09/11/2018

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर एवं नालंदा में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री नालंदा के डीहरा में मृत बच्चियों के पिता को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि का चेक सौंपा

- समस्तीपुर हादसे में भी मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी

पटना, 09 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना के नाजिरपुर गॉव में आज मिट्टी खुदाई के दौरान दबकर चार लोगों की मौत और नालंदा जिले के कल्याण बिगहा थाने के डीहरा गॉव में दीवार गिरने से दो बच्चियों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।

नालंदा जिले में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गये मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी एवं तत्काल राज्य सरकार की ओर से चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि का चेक मृत बच्चियों के पिता श्री सिकंदर पासवान को सौंपा।

मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में समस्तीपुर हादसे में भी मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान जिला प्रशासन द्वारा तुरंत उपलब्ध करा दिया गया। मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

******